1- A confession by an accused can be used against a co-accused under Section 30 of Evidence Act:

(a) as hearsay evidence (b) only as corroborative evidence
(c) as substantive evidence (d) none of the above

साक्ष्य अधिनियम की धारा 30 के अधीन एक अभियुक्त की संस्वीकृति सह–अभियुक्त के विरूद्व प्रयुक्त हो सकती है :

(a) अनुश्रुत साक्ष्य के रूप में (b) केवल संपोषक साक्ष्य के रूप में
(c) सारभूत साक्ष्य के रूप में (d) उपरोक्त में कोई नहीं

2- The Case of Pakala Narain Swamy v. Emperor relates to:

(a) Doctrine of estoppel (b) Accomplice
(c) Dying declaration (d) Cross- examination

पाकला नारायण स्वामी बनाम इम्परर का वाद सम्बन्धित है :

(a) विबन्ध के सिद्वान्त से (b) सह–अपराधी से
(c) मृत्युकालिक कथन से (d) प्रति–परीक्षण से

3- Burden of introducing evidence under Section 102 of the evidence act:

(a) Shifts at times (b) Never shifts
(c) Constantly shifts (d) None of the above

साक्ष्य अधिनियम की धारा 102 के अधीन साक्ष्य प्रस्तुत करने का भार :

(a) कभी–कभी बदलता है (b) कभी नहीं बदलता है
(c) लगातार बदलता है (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

4- Under order8, Rule 6, CPC set off may be permitted if:

(a) The suit is for recovery of property.
(b) Set-off claimed by the defendant is ascertained sum of money.
(c) Value of property recoverable is less than rupees two lacs.
(d) Defendant presents a written statement of accounts at any stage of hearing of the suit.

सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश 8 नियम 6 के अधीन मुजरा कब अनुमन्य है :

(a) जब वाद सम्पत्ति की वसूली का है।
(b) जब प्रतिवादी द्वारा जिस धनराशि का मुजरा चाहा गया है वह अभिनिश्चित है।
(c) जब वसूल की जाने वाली सम्पत्ति का मूल्य दो लाख रू0 से कम है।
(d) जब प्रतिवादी वाद की सुनवाई की किसी भी स्थिति में लेखा का लिखित अभिकथन करता है।

5- A civil court cannot issue commission in the following case:

(a) For examining a person (b) For examining accounts
(c) To execute partition (d) To execute a decree

निम्न मामलें में न्यायालय कमीशन जारी नहीं कर सकता :

(a) किसी व्यक्ति की परीक्षा के लिये (b) लेखाओं का परीक्षण करने के लिये
(c) विभाजन करने के लिये (d) डिक्री के निष्पादन हेतु

6- Section 114 of C.P.C. should of read with:

(a) Order46, Rule 1
(b) Order47, Rule 1
(c) Order 47, Rule 3
(d) Order 41

सिविल प्रक्रिया की धारा 114 को किसके साथ पढ़ा जाना चाहिये :

(a) आदेश 46, नियम 1
(b) आदेश 47, नियम 1
(c) आदेश 47, नियम 3
(d) आदेश 41

7- Under the Constitution of India, which one of the following is not a specific ground on which the state can place restrictions on freedom of religion:

(a) Public order
(b) Social justice
(c) Health
(d) Morality

भारत के संविधान के अधीन निम्नलिखित में से कौन सा राज्य द्वारा धर्म की स्वतन्त्रता पर निर्बन्धन लगाने का विनिर्दिष्ट आधार नही है :

(a) लोक व्यवस्था
(b) सामाजिक न्याय
(c) स्वास्थय
(d) नैतिकता

8- In which case the Supreme Court of India held that the "Non-smokers cannot be compelled to be victim of air pollution" :

(a) M.C. Mehta v. Union of India
(b) Murli S.Deora v. Union of India
(c) Satpal Dangv. State of Punjab
(d) Sardarilal v. State of Rajsthan

भारत के उच्चतम न्यायालय ने किस वाद में यह अभिनिर्धारित किया कि " धूम्रपान करने वालों को वायु–प्रदुषण से पीड़ित होने के लिये विवश नहीं किया जा सकता है" :

(a) एम0सी मेहता बनाम भारत संघ
(b) मुरली एस0 देवड़ा बनाम भारत संघ
(c) सतपाल डंग बनाम पंजाब राज्य
(d) सरदारीलाल बनाम राजस्थान राज्य

9- In which one of the following cases did the Supreme Court rule that the principle of sovereign immunity will not apply to a proceeding for award of compensation for violation of fundamental rights?

(a) G.K.Krishnan v. State of Tamil Nadu
(b) Nilabati Behera v. State of Orissa
(c) Kasturilal v. State of U.P.
(d) State of Rajasthan v. Vidyawati

निम्नलिखित में से किस एक वाद में उच्चतम न्यायालय ने अभिनिर्धारित किया कि संप्रभुता उन्मुक्ति का सिद्वान्त, मूल अधिकारों के अतिक्रमण के लिये प्रतिकर अभिनिर्णीत किये जाने की कार्यवाही में, लागू नहीं होगा ?

(a) जी0 के0 कृष्णन बनाम तमिलनाडु राज्य
(b) नीलाबती बेहेरा बनाम उडीसा राज्य
(c) कस्तूरीलाल बनाम उत्तर प्रदेश राज्य
(d) राजस्थान राज्य बनाम विद्यावती

10- A contract though telephone is considered concluded at the place where acceptance is heard. In which of the following cases it was held?

(a) Bhagwandas v. Girdharilal
(b) Carlill v. Carbolic Smoke Ball Co.
(c) Lalman Shukla v. Gauridutt
(d) Satyabrata Ghosh v. Mugneeram

जब टेलीफोन पर संविदा की जाती है तो संविदा उस स्थान पर पूर्ण मानी जाती है, जहां स्वीकृति सुनी जाती है। ऐसा किस वाद में अभिनिर्धारित किया गया था ?
(a) भगवानदास बनाम गिरधारीलाल
(b) कार्लिल बनाम कारबोलिक स्मोक बाल कम्पनी
(c) लालमन शुक्ला बनाम गौरीदत्त
(d) सत्यव्रत घोष बनाम मुगनीराम

11- When prior to the due date of performance, the promisor absolutely refuses to perform the contract, it is known as:

(a) Abandonment of contract
(b) Actual breach of contract
(c) Remission of contract
(d) Anticipatory breach of contract

जब संविदा पालन के लिये निश्चित दिनांक के पूर्व प्रतिज्ञाकर्ता संविदा पालन करने से पूर्णतया इनकार कर देता है तो यह कहलाता है :

(a) संविदा का परित्याग
(b) वास्तविक संविदा भंग
(c) संविदा परिहार
(d) समयपूर्व संविदा भंग

12- The law declared by Supreme Court of India is binding on all courts within the territory of India, but the Supreme Court is not bound by its decision was decided by the Supreme Court itself in:

(a) Keshavanand Bharati v. State of Kerala
(b) Indira Nehru Gandhi v. Raj Narain
(c) Madhav Rao Scindia v. Union of India
(d) Bengal Immunity Co. Ltd v. State of Bihar

भारत के उच्चतम न्यायालय द्वारा घोषित विधि भारत राज्यक्षेत्र के भीतर सभी न्यायालयों पर बाध्यकारी है, परन्तु उच्चतम न्यायालय स्वयं के निर्णय से आबद्ध नहीं है – ऐसा उच्चतम न्यायालय ने किस निर्णय में विनिश्चित किया था :

(a) केशवानन्द भारती बनाम केरल राज्य
(b) इन्दिरा नेहरू गांधी बनाम राज नारायण
(c) माधवराव सिंधिया बनाम भारत संघ
(d) बंगाल इम्युनिटी कं० लि० बनाम बिहार राज्य

13- Which Section of the Indian Evidence Act, 1872 deals only with civil matters?

(a) Section 23
(b) Section 27
(c) Section 53
(d) Section 133

भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की कौन सी धारा केवल सिविल मामलों से संबंधित है?
(a) धारा 23
(b) धारा 27
(c) धारा 53
(d) धारा 133

14- The Principle of Promissory Estoppel found its root:

(a) As an exception to the doctrine of consideration in the law of contract
(b) As a rule of future consideration in the law of contract
(c) As a rule of past consideration in the law of contract
(d) None of the above

बचनात्मक विबन्ध के सिद्वान्त का मूल पाया जाता है :

(a) संविदा विधि में प्रतिफल के नियम के अपवाद के रूप में
(b) संविदा विधि में भविष्यलक्षी प्रतिफल के नियम के रूप में
(c) संविदा विधि में भूतलक्षी प्रतिफल के नियम के रूप में
(d) उपर्युक्त में कोई नहीं

15- Which of the following does not find a mention as showing state of mind under Section 14 of the Evidence Act, 1872 ?

(a) ill Will
(b) Motive
(c) Good faith
(d) Negligence

निम्नलिखित में से कौन साक्ष्य अधिनियम, 1872 की धारा 14 के अन्तर्गत मानसिक दशा दर्शाने के रूप में वर्णित नहीं है ?

(a) दुराशय
(b) हेतुक
(c) सद्भाव
(d) उपेक्षा

16- A witness, who is unable to speak, gives his evidence in writing in the open court; evidence so given shall be deemed to be:

(a) Primary evidence
(b) Secondary evidence
(c) Documentary evidence
(d) Oral evidence

बोलने में असमर्थ एक साक्षी अपना साक्ष्य खुले न्यायालय में लिख कर देता हैं इस प्रकार दिया गया साक्ष्य समझा जायेगा :

(a) प्राथमिक साक्ष्य
(b) द्वितीयक साक्ष्य
(c) दस्तावेजी साक्ष्य
(d) मौखिक साक्ष्य

17- Dasti summons for service on the defendant can be given to the plaintiff under:

(a) Order V, Rule 9A, CPC
(b) Order V, Rule 9, CPC
(c) Order IV, Rule 7, CPC
(d) Order VI, Rule 6, CPC

प्रतिवादी पर दस्ती समन तामील करने के लिये वादी को दिया जा सकता है :

(a) आदेश Vनियम 9क, सि0प्र0सं0 के अन्तर्गत
(b) आदेश Vनियम 9, सि0प्र0सं0 के अन्तर्गत
(c) आदेश Vनियम 7, सि0प्र0सं0 के अन्तर्गत
(d) आदेश VIनियम 6, सि0प्र0सं0 के अन्तर्गत

18- Under which explanation of Section 11 of Civil Procedure Code Constructive Res judicata has been explained?

(a) Explanation-I
(b) Explanation-II
(c) Explanation-III
(d) Explanation-IV

सिविल प्रकिया की संहिता की धारा 11 के किस स्पष्टीकरण में आन्वयिक प्राडन्याय की व्याख्या की गयी है ?

(a) स्पष्टीकरण – I
(b) स्पष्टीकरण – II
(c) स्पष्टीकरण – III
(d) स्पष्टीकरण – IV

19- Which one of the following is not provided in Section 4 of the Contract Act, 1872?

(a) Communication of a proposal
(b) Communication of acceptance
(c) Communication of revocation
(d) Revocation of proposals and acceptance

संविदा अधिनियम, 1872 की धारा 4 में निम्नलिखित में किसका उपबन्ध नहीं है?

(a) प्रस्थापना की संसूचना
(b) प्रतिग्रहण की संसूचना
(c) प्रतिसंहरण की संसूचना
(d) प्रस्थापनाओं और प्रतिग्रहणों का प्रतिसंहरण

20- Wagering agreements are:

(a) Void but enforceable by law
(b) Void and not enforceable by law
(c) Voidable and illegal but enforceable by law
(d) Voidable and illegal but not enforceable by law

बाजी करार होते हैं :

(a) शून्य लेकिन विधि द्वारा प्रवर्तनीय
(b) शून्य और विधि द्वारा अप्रवर्तनीय
(c) शून्यकरणीय तथा अवैध लकिन विधि द्वारा प्रवर्तनीय
(d) शून्यकरणीय तथा अवैध लेकिन विधि द्वारा अप्रवर्तनीय

21- Which of the following is the correct meaning of the "privity of contract" principle?

(a) Parties must maintain the privity of contract
(b) Main objective of the contract must be maintained
(c) Only parties to the contract may sue on it
(d) Only the parties know in which circumstances the contract was made.

''संविदा की गुप्तता''सिद्वान्त का निम्नलिखित में से कौन सा अर्थ सही है?

(a) पक्षकारों को संविदा की निजता बनाये रखनी चाहिये
(b) संविदा का मुख्य उददेश्य कायम रहना चाहिये
(c) केवल संविदा के पक्षकार ही उस पर दावा कर सकते हैं
(d) केवल पक्षकार ही जानते हैं कि संविदा किन परिस्थितियों में की गई है

22- Which statement is wrong regarding "agency" under the Indian law of contract?

(a) Principal should be competent to contract
(b) The authority of agent may be expressed or implied.
(c) Consideration is necessary to create an agency
(d) Guardian of a minor can appoint an agent for him

भारतीय संविदा विधि के अन्तर्गत "अभिकरण" के सम्बन्ध में कौन सा कथन गलत है ?

(a) मालिक संविदा करने में सक्षम हो
(b) अभिकर्ता का प्राधिकार अभिव्यक्त या विवक्षित हो सकेगा
(c) अभिकरण का सृजन करने के लिये प्रतिफल आवश्यक है
(d) अप्राप्तवय का अभिभावक उसके लिये अभिकर्ता नियुक्त कर सकता है

23- Under Section 182 of the Contract Act, 1872, National Textile Corporation Ltd is:

(a) A Government department
(b) An agent of the Central Government
(c) Not an agent of the Central Government
(d) An agent of the Central Government if the President consents

संविदा अधिनियम 1872 की धारा 182 के अन्तर्गत राष्ट्रीय कपड़ा निगम लि०–

(a) सरकारी विभाग है
(b) केन्द्र सरकार का अभिकर्ता है
(c) केन्द्र सरकार का अभिकर्ता नहीं है।
(d) राष्ट्रपति की सहमति पर केन्द्र सरकार का अभिकर्ता है।

24 - In case of general offer, there is no need to communicate the acceptance if not required by the proposer. This has been held in-

(a) Carlill v. Carbolic Smoke ball co.
(b) Bhagwandas v. Girdhari lal
(c) Lalmon Shukla v. Gauri Dutt
(d) Ramji Dayawala and sons v. investment Import

साधारण प्रस्ताव की स्थिति में स्वीकृति की संसूचना की आवश्यकता नहीं है यदि प्रस्तावक द्वारा संसूचना की जरूरत नहीं बताई गई है। यह मामला धारित किया गया–

(a) कार्लिल बनाम कार्बोलिक स्मोक बाल क० में
(b) भगवानदास बनाम गिरधारीलाल में
(c) लालमन शुक्ला बनाम गौरी दत्त में
(d) रामजी दयावाला एण्ड सन्स बनाम इन्वेस्टमेंट इम्पोर्ट में

25 – Under code of Civil Procedure, 1908, an appeal may be filed by way of

(a) Application
(b) Petition
(c) Memorandum
(d) Notice

सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के अधीन 01 अपील दायर की जा सकती है

(a) प्रार्थनापत्र के माध्यम से
(b) याचिका के माध्यम से
(c) ज्ञापन के माध्यम से
(d) सूचना के माध्यम से

26 – Which of the following provision is related with set off under Code of Civil Procedure?

(a) Order VIII, Rule 5
(b) Order VIII, Rule 6
(c) Order VII, Rule 5
(d) Order VII, Rule 6

निम्न में से कौन सा प्रावधान सिविलप्रक्रिया संहिता के अनुसार मुजरे से सम्बिन्धित है?
(a) आदेश VIII, नियम 5
(b) आदेश VIII, नियम 6
(c) आदेश VII, नियम 5
(d) आदेश VII, नियम 6

27 – Which one of the following is not the pre-requisite of presumption as to dowry-death under section 113-B of Indian Evidence Act?

(a) Victim was subjected to cruelty or harassment by her husband or relatives.
(b) Victim has illicit relationship with other male person.
(c) Such cruelty or harassment was for connections with any demand for dowry.
(d) It was done within 7 years of the marriage.

भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 113 ख के अन्तर्गत निम्नलिखित में से कौन दहेज–हत्या के लिये उपधारणा की पूर्ववर्ती में नहीं आता ?

(a) पीड़िता क्रूरता का शिकार थी अथवा वह अपने पति या उसके सम्बन्धियों के द्वारा परेशान की जाती थी।
(b) पीड़िता का दूसरे पुरूष से अवैध सम्बन्ध था।
(c) ऐसी क्रूरता या परेशानी किसी दहेज की मांग के लिये थी।
(d) ऐसा विवाह के सात वर्ष के अन्दर किया गया था।

28 – One of the most important principles of the law of evidence is that"evidence is to be weighed and not to be counted". This has been incorporated under which section of Indian Evidence Act, 1872 Mainly under -

(a) Section 132
(b) Section 133
(c) Section 123
(d) Section 134

साक्ष्य विधि का एक महत्वपूर्ण सिद्वान्त है कि ''साक्ष्य को तोला जाय, गिना न जाय''। यह भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की निम्न में से किस धारा में मुख्य रूप से समाहित है
(a) धारा 132 में
(b) धारा 133 में
(c) धारा 123 में
(d) धारा 134 में

29 – An agreement in restraint of trade under Section 27 of the Indian Contract Act, 1872 is

(a) Valid
(b) Voidable
(c) Void
(d) Enforceable

भारतीय संविधा अधिनियम, 1872 की धारा 27 के अन्तर्गत व्यापार में अवरोधक करार है
(a) वैध
(b) शून्यकरणीय
(c) शून्य
(d) प्रवर्तनीय

30 – An agreement to do an act impossible in itself is

(a) Unenforceable
(b) Voidable
(c) Wrongful
(d) Void

वह करार जो ऐसा कार्य करने के लिये हो, जो स्वतः असंभव है
(a) अप्रवर्तनीय है
(b) शून्यकरणीय है
(c) दोषपूर्ण है
(d) शून्य है

31 – Under which provision of the code of Civil Procedure, 1908, the Collector may be appointed as receiver?

(a) Order XL, Rule 5
(b) Order XLI, Rule 1
(c) Order XL, Rule 2
(d) Order XLI, Rule 5

सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के किस प्रावधान के अन्तर्गत कलेक्टर को रिसीवर नियुक्त किया जा सकता है?

(a) आदेश XL, नियम5
(b) आदेश XLI, नियम 1
(c) आदेश XL, नियम 2
(d) आदेश XLI,नियम 5

32 – The word "Secular" used in the preamble of the Constitution of India means

(a) The state has no religion of its own
(b) All religions are treated equally
(c) The state has no common religion
(d) Both (a) and (b) are correct

भारत के संविधान में प्रयुक्त शब्द "धर्मनिरपेक्ष" का अर्थ है

(a) राज्य का अपना कोई धर्म नहीं होगा
(b) सभी धर्म के साथ समान व्यवहार है
(c) राज्य का अपना सामान्य धर्म नहीं होता है
(d) (a) और(b) सही है।

33 – Twelfth Schedule was added to the constitution by

(a) 74th Amendment
(b) 73rd Amendment
(c) 65th Amendment
(d) 44th Amendment

संविधान में बारहवां परिशिष्ट जोड़ गया था

(a) 74वें संशोधन द्वारा
(b) 73वें संशोधन द्वारा
(c) 65वें संशोधन द्वारा
(d) 44वें संशोधन द्वारा

34 – How many types of writ can the Supreme Court issue for the enforcement of Fundamental Rights?

(a) Six
(b) Four
(c) Five
(d) Three

उच्चतम न्यायालय मूलभूत अधिकारों के अनुपालन के लिये कितनी रिट याचिकायें जारी कर सकता है

(a) छः
(b) चार
(c) पांच
(d) तीन

35 – Who can file a suit under Section 91 of Civil Procedure Code for public nuisance?

(a) Advocate General
(b) Any citizen
(c) District Magistrate
(d) Any 10 or more citizens

सिविल प्रकिया संहिता की धारा 91 के अधीन लोक उपताप के लिये वाद कौन ला सकता है?

(a) महाधिवक्ता
(b) कोई भी नागरिक
(c) जिला मजिस्ट्रेट
(d) कोई भी 10 या अधिक नागरिक

36 – The duration of existence of a Caveat filed under code of Civil Procedure, 1908 is

(a) 60 days from the date of which it was filed
(b) 30 days from the date on which it was lodged
(c) 120 days from the date when it was lodged
(d) 90 days from the date, when it was lodged

सिविल प्रकिया संहिता 1908 के अधीन दायर किये गये केवियट की अवधि है

(a) दायर किये जाने की तारीख से 60 दिन तक
(b) दायर किये जाने की तारीख से 30 दिन तक
(c) दायर किये जाने की तारीख से 120 दिन तक
(d) दायर किये जाने की तारीख से 90 दिन तक

37 – On Proclamation of Emergency under Article 352, the President has power to suspend the Fundamental Rights except the right secured by

(a) Articles 19 and 20
(b) Articles 20 and 21
(c) Articles 21 and 22
(d) Articles 19, 20 and 21

अनुच्छेद 352 के अन्तर्गत आपात घोषित होने पर राष्ट्रपति को मौलिक अधिकार स्थगित करने का अधिकार है, सिवाय उन अधिकारों के जो निम्न अनुच्छेदों द्वारा प्रदत्त हैं

(a) अनुच्छेद 19 और 20 में
(b) अनुच्छेद 20 और 21 में
(c) अनुच्छेद 21 और 22 में
(d) अनुच्छेद 19, 20 और 21 में

38 – Judgment under Section 2(9) of the Code of Civil Procedure, 1908 mean

(a) a decree
(b) Dismissal of appeal summarily
(c) Statement of grounds of an order or decree
(d) All the above

सिविल प्रकिया संहिता, 1908 की धारा 2 (9) के अन्तर्गत निर्णय का अर्थ है

(a) एक आज्ञप्ति
(b) अपील का संक्षिप्त रूप से खारिज होना
(c) एक आदेश या आज्ञप्ति के आधारों का कथन
(d) उपरोक्त सभी

39 – Reservation of seats in educational institutions in favour of Scheduled Castes and Scheduled Tribes is governed by

(a) Article 15(4) of Constitution
(b) Article 16(4) of Constitution
(c) Article 29(2) of Constitution
(d) Article 14 of Constitution

प्रशिक्षण संस्थानों में अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों के पक्ष में स्थानों का आरक्षण शासित होता है

(a) संविधान के अनुच्छेद 15(4) से
(b) संविधान के अनुच्छेद 16(4) से
(c) संविधान के अनुच्छेद 29(2) से
(d) संविधान के अनुच्छेद 14 से

40 – A contract of life-insurance, the performance of which depends upon a future event, falls under the category of

(a) Contingent contract
(b) Contract of Indemnity
(c) Contract of Guarantee
(d) Special Contract

जीवन बीमा की संविदा जिसका पालन भविष्य की घटना पर आधारित होता है, आती है

(a)समाश्रित संविदा के वर्ग में
(b)क्षतिपूर्ति की संविदा के वर्ग में
(c)प्रत्याभूति की संविदा के वर्ग में
(d)विशेष संविदा के वर्ग में

41 – Under Section 14 of the Indian Evidence Act, 1872, which of the following facts becomes relevant, namely

(a) Facts showing state of mind
(b) Facts showing state of body
(c) Facts showing state of bodily feelings
(d) All the above

भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 की धारा 14 में निम्न में से कौन से तथ्य सुसंगत होते हैं, मुख्यतः–
(a) मन की दशा को बताने वाले तथ्य
(b) शरीर की दशा को बताने वाले तथ्य
(c) शारीरिक संवेदनाओं को बताने वाले तथ्य
(d) उपरोक्त सभी

42 – Rescission of the Contract means

(a) The renewal of original contract
(b) Cancellation of contract
(c) Alteration of contract
(d) Substitution of new contract in place of earlier one

संविदा के विखन्डन का अर्थ है

(a) मूल संविदा का नवीनीकरण
(b) संविदा का निरस्तीकरण
(c) संविदा का परिवर्तन
(d) पूर्व के स्थान पर नई संविदा का विस्थापन

43 – The documents on which the plaintiff relies upon in support his claim shall be filed by him in the court.

(a) Along with the plaint
(b) Within seven days from the date of order by the Court for issue of summons
(c) On the date fixed for forming of issues by the court
(d) At the time or before the hearing of the suit

ऐसे दस्तावेज जिन पर वादी अपने दावे के समर्थन में विश्वास करता है, उसके द्वारा न्यायालय में दाखिल किये जायेंगे।

(a) वाद–पत्र के साथ
(b) न्यायालय द्वारा समन जारी किये जाने हेतु पारित आदेश की तिथि के सात दिन के भीतर
(c) न्यायालय द्वारा विवाद बिन्दुओं के निर्धारण हेतु निर्धारित तिथि पर
(d) वाद की सुनवाई के समय या उससे पूर्व

44 – Under Code of Civil Procedure, 1908 which one of the following is not exempted from personal appearance in the court?

(a) Ministers of Union
(b) Minister of State
(c) Vice-president of India
(d) Chairman of Public Service Commission

सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के अन्तर्गत निम्नलिखित में से किसे न्यायालय में व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट पाने का हक नहीं है ?

(a) संघ के मंत्रियों को
(b) राज्य के मंत्रियों को
(c) भारत के उपराष्ट्रपति को
(d) लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष को

45 – Inherent powers conferred under Section 151 of the Code of Civil Procedure, 1908, may be exercised by the.

(a) Supreme Court only
(b) High Court only
(c) District Court only
(d) Supreme Court, High Court, District Court as well as by any Civil Court

सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की धारा 151 में प्रदत्त अन्तर्निहित शक्तियों का प्रयोग किया जा सकता है ?

(a) केवल उच्चतम न्यायालय द्वारा
(b) केवल उच्च न्यायालय द्वारा
(c) केवल जिला न्यायालय द्वारा
(d) उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालय, जिला न्यायालय तथा किसी भी दीवानी न्यायालय द्वारा

46 – The term "prescribed" under Section 2(16) of Civil Procedure Code, 1908 means.

(a) Prescribed by Court
(b) Prescribed by Society
(c) Prescribed by rules
(d) None of the above

सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की धारा 2 (16) में प्रयुक्त "विहित"शब्दावली से अभिप्रेत है:
(a) न्यायालय द्वारा विहित
(b) समाज द्वारा विहित
(c) नियमों द्वारा विहित
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

47 – Under of Code of Civil Procedure, 1908, for the first time provision for compensatory costs in respect of false or vexatious claims or defences, has been made under

(a) Section 35 of Code
(b) Section 35(B) of the code
(c) Section 35(A) of the Code
(d) Section 34 of the Code

सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के अन्तर्गत पहली बार मिथ्या या तंग करने वाले दावों या प्रतिरक्षाओं के लिए प्रतिकरात्मक खर्चों का प्रावधान किया गया है:
(a) संहिता की धारा 35 के अन्तर्गत
(b) संहिता की धारा 35 ख के अन्तर्गत
(c) संहिता की धारा 35 क के अन्तर्गत
(d) संहिता की धारा 34 के अन्तर्गत

48 – Under of Code of Civil Procedure, 1908, objection to jurisdiction as to the place of suing shall not be allowed by any appellate or Revisional Court. Unless such objection was taken

(a) In the Court of first instance
(b) At the earliest possible opportunity
(c) And there has been a consequent failure of justice
(d) When all the conditions of (a), (b) and (c) are fulfilled

सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के अन्तर्गत वाद दायर करने के स्थान के बारे में कोई भी आपत्ति किसी भी अपीलीय या पुनरीक्षण वाले न्यायालय द्वारा तब तक अनुज्ञात नहीं की जायेगी जब तक ऐसी आपत्ति
(a) प्रथम बार के न्यायालय में न लायी गयी हो।
(b) यथासम्भव प्रथम अवसर पर न की गयी हो।
(c) परिणामस्वरूप न्याय की निष्फलता हुई हो।
(d) जब (a),(b)तथा (c)तीनों शर्तें पूरी की गयी हों।

49 – The nature of Revision under Code of Civil Procedure is that

(a) It operates as a stay of the proceedings
(b) It operates as a stay of the suit
(c) It operates as a stay of proceedings and suit both
(d) It shall not operate as a stay of the suit or proceedings except where such suit or proceedings is stayed by the High Court.

सिविल प्रक्रिया संहिता के अन्तर्गत पुनरीक्षण की प्रकृति है कि
(a) यह कार्यवाहियों की रोक के रूप में प्रवर्तित होता है।
(b) यह वाद की रोक के रूप में प्रवर्तित होता है।
(c) यह वाद तथा कार्यवाहियों दोंनों की रोक के रूप में प्रवर्तित होता है।
(d) यह किसी वाद या कार्यवाहियों की रोक के रूप में प्रवर्तित नहीं होगा सिवाय वहाँ के जहाँ वाद या कार्यवाहियों को उच्च न्यायालय द्वारा रोका गया है।

50 – Which one of the following section of the Indian Evidence Act makes relevant opinions as to existence of custom?

(a) Section 47
(b) Section 48
(c) Section 49
(d) Section 50

भारतीय साक्ष्य अधिनियम की निम्नलिखित में से कौन सी धारा रूढ़ि के अस्तित्व के बारे में राय (विचारों) को सुसंगत मानती है?
(a) धारा 47
(b) धारा 48
(c) धारा 49
(d) धारा 50

51 – Under which one of the following provisions of Indian Evidence Act the words " forming part of the same transaction" occurs?

(a) Section 5
(b) Section 6
(c) Section 11
(d) Section 12

भारतीय साक्ष्य अधिनियम के निम्नलिखित में से किस उपबन्ध में ''उसी संव्यवहार का भाग बनना'' शब्दों का प्रयोग हुआ है ?
(a) धारा 5 में
(b) धारा 6 में
(c) धारा 11 में
(d) धारा 12 में

52 – How many years old electronic record will be deemed to be proved, if it is produced from any custody which the Court in the particular case considers proper?

(a) Five years
(b) Thirty years
(c) Twenty years
(d) Ten years

कितने वर्ष पुराने इलेक्ट्रॉनिक अभिलेख साबित किये माने जायेंगे, यदि यह किसी अभिरक्षा से पेश किया जाता है, जिसे न्यायालय विशिष्ट मामले में समुचित समझता है?
(a) पॉच वर्ष
(b) तीस वर्ष
(c) बीस वर्ष
(d) दस वर्ष

53 – Which one of the following sections of the Indian Evidence Act applies to the pleaders relating to professional communications?

(a) Section 128 only
(b) Section 129 and 130
(c) Section 133 and 134
(d) Section 126 and 127

भारतीय साक्ष्य अधिनियम की निम्नलिखित में से कौन सी धारायें प्लीडर की वृत्तिक संसूचनाओं से सम्बन्धित हैं?
(a) धारा 128
(b) धारा 129 व 130
(c) धारा 133 व 134
(d) धारा 126 व 127

54 – Section 7 of the Evidence Act does not include which one of the following?

(a) Occasion
(b) Cause
(c) Purpose
(d) Effect

साक्ष्य अधिनियम की धारा 7 निम्नलिखित में से किसको सम्मिलित नहीं करती?
(a) अवसर को
(b) कारण को
(c) प्रयोजन को
(d) प्रभाव को

55 – Difference between a contract and social agreement is that of

(a) consideration
(b) intention to create legal relationship
(c) consensus ad idem
(d) certainty of performance

एक संविदा तथा सामाजिक करार के बीच अन्तर होता है
(a) प्रतिफल का
(b) विधिक सम्बन्ध स्थापित करने के आशय का
(c) कान्सेंसस एड इडम का
(d) पालन की निश्चितता का

56 – Damages allowed under Section 73 of the Indian Contract Act, are

(a) Liquidated damages
(b) Compensatory damages
(c) Penal damages
(d) None of the above

भारतीय संविदा अधिनियम की धारा 73 के अन्तर्गत अनुमन्य क्षतिपूर्ति है
(a) परिनिर्धारित क्षतिपूर्ति
(b) प्रतिकरात्मक क्षतिपूर्ति
(c) दण्डात्मक क्षतिपूर्ति
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

57 – Section 124 of Indian Contract Act, includes under Contract of Indemnity the

(a) Losses caused by human conduct
(b) Losses caused by accident
(c) Losses caused by natural calamity
(d) None of the above

भारतीय संविदा अधिनियम की धारा 124, क्षतिपूर्ति की संविदा में सम्मिलित करती है
(a) मानव आचरण से कारित क्षतियाँ
(b) दुर्घटना से कारित क्षतियाँ
(c) प्राकृतिक आपदा से कारित क्षतियाँ
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

58 – A promise to pay a debt barred by the law of limitation, has been made enforceable under which section of the Indian Contract Act?

(a) Section 32
(b) Section 47
(c) Section 25
(d) Section 8

परिसीमा विधि द्वारा बाधित किसी ऋण के संदाय का वचन, भारतीय संविदा अधिनियम की निम्नलिखित में से किस धारा के अधीन प्रवर्तनीय किया गया है?
(a) धारा–32 में
(b) धारा–47 में
(c) धारा–25 में
(d) धारा–8 में

59 – In which of the following case the Supreme Court called Article 22 of the Constitution as "Ugly provision of the Constitution"?

(a) Maneka Gandhi v. Union of India
(b) Keshavanand Bharti v. State of Kerala
(c) Indira Sawhney v. Union of India
(d) A.K.Gopalan v. State of Madras

सर्वोच्च न्यायालय ने निम्न में से किस वाद में संविधान के अनुच्छेद 22 को "एक भद्दा दिखाई देने वाला उपबन्ध" कहा था?
(a) मेनका गाँधी बनाम भारत संघ में
(b) केशवानन्द भारती बनाम केरल राज्य में
(c) इन्दिरा साहनी बनाम भारत संघ
(d) ए0के0 गोपालन बनाम मद्रास राज्य में

60 – Under Civil Procedure Code, 1908 "every suit shall be instituted by presenting a plaint in duplicate to the court or such officer as it appoints in this behalf." This is provided under

(a) Section 26
(b) Section 20
(c) Order 3 Rule 1
(d) Order 4 Rule 1

सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के अन्तर्गत "हर वाद न्यायालय को या उसके द्वारा इस निमित्त नियुक्त किसी अधिकारी को दो प्रतियों में वादपत्र देकर संस्थित किया जायेगा।" यह उपबन्धित है
(a) धारा 26 में
(b) धारा 20 में
(c) आदेश 3 नियम 1 में
(d) आदेश 4 नियम 1 में

61 – Which one of the following is not a decree under Civil Procedure Code, 1908?

(a) Rejection of a plaint for non-payment of court fee.
(b) Any order of dismissal for default
(c) Both (a) and (b)
(d) None of the above

सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के अन्तर्गत निम्नलिखित में से कौन डिक्री नहीं है?
(a) न्यायालय फीस के असंदाय के कारण वादपत्र का अस्वीकार किया जाना
(b) व्यतिक्रम के लिए खारिज करने का आदेश
(c) दोनों (a) और (b)
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

62 – Under which one of the following provision of the Civil Procedure Code, 1908 aplaint is rejected by the court in absence of cause of action?

(a) Order 7 Rule 11(a)
(b) Order 7 Rule 11(b)
(c) Order 7 Rule 11(c)
(d) Order 7 Rule 11(d)

सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के अन्तर्गत निम्न प्रावधानों में से किसमें वादपत्र को वाद हेतुक न होने के कारण नामंजूर किया जा सकता है?
(a) आदेश 7 नियम 11 (क) में
(b) आदेश 7 नियम 11 (ख) में
(c) आदेश 7 नियम 11 (ग) में
(d) आदेश 7 नियम 11 (घ) में

63 – A decree against Government of the India or State Government shall not be executed unless it remains unsatisfied for the period of

(a) One month
(b) Two months
(c) Three months
(d) Six months

भारत सरकार या राज्य सरकार के विरूद्ध पारित की गई डिक्री कितने समय तक निष्पादित नहीं की जायेगी?
(a) एक माह
(b) दो माह
(c) तीन माह
(d) छः माह

64 – Which one of the following is not suit of Civil Nature?

(a) Suits for right to hereditary offices
(b) Suit for rights of franchise
(c) Suits for recovery of voluntary payments of offerings
(d) Suits relating to right of worship.

निम्न में कौन सा वाद सिविल प्रकृति का नहीं है?
(a) आनुवंशिक पद के अधिकार के लिए वाद
(b) फ्रेंचाइज (आम चुनाव में नागरिक का वोट डालने का विशेषाधिकार) के लिए वाद
(c) स्वैच्छिक भुगतान अथवा चढ़ावे की प्राप्ति हेतु वाद
(d) पूजा के अधिकार हेतु वाद

65 – An agreement entered into with free consent and lawful but with inadequate consideration is

(a) Unlawful
(b) Lawful
(c) Void
(d) Voidable

एक करार जो स्वतन्त्र सहमति एवं विधिपूर्ण तरीके से किया गया है, लेकिन प्रतिफल अपर्याप्त है, यह करार
(a) अविधिपूर्ण है
(b) विधिपूर्ण है
(c) शून्य है
(d) शून्यकरणीय है

66 – Nudum Pactum means

(a) Without consideration
(b) Invalid contract
(c) Void contract
(d) Voidable contract

न्यूडम पैक्टम से तात्पर्य है
(a) बिना प्रतिफल के
(b) अवैध संविदा
(c) शून्य संविदा
(d) शून्यकरणीय संविदा

67 – Under which one of the following Articles of our Constitution an accused person has been guaranteed the right to be informed of the nature and cause of accusation?

(a) Article 22(1)
(b) Article 22(3)
(c) Article 21
(d) Article 22(4)

हमारे संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद के अन्तर्गत एक अभियुक्त को दोषारोपण के कारण एवं प्रकृति के बारे में सूचित किये जाने के अधिकार की गारण्टी दी गई है?
(a) अनुच्छेद 22 (1) के द्वारा
(b) अनुच्छेद 22 (3) के द्वारा
(c) अनुच्छेद 21 द्वारा
(d) अनुच्छेद 22 (4) द्वारा

68 – How many representatives of the Anglo-Indian Community can be nominated to the State Legislative Assembly by the Governor of the State?

(a) Three
(b) Two
(c) One
(d) NIL

राज्य के राज्यपाल द्वारा राज्य विधान सभा में ऐंग्लो–इण्डियन समुदाय से कितने प्रतिनिधि को नामित किया जा सकता है?
(a) तीन
(b) दो
(c) एक
(d) किसी को नहीं

69 – The 'equal protection of Laws' in Article 14 has been taken from

(a) British Constitution
(b) American Constitution
(c) Australian Constitution
(d) None of the above

अनुच्छेद 14 में वाक्यांश"विधियों का समान संरक्षण" को निम्न किस संविधान से लिया गया है?
(a) ब्रिटिश
(b) अमेरिकन
(c) ऑस्ट्रेलियन
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

70 – In which one of the following cases the Supreme Court has declared Article 15(5) as Constitutional?

(a) Indra Sawhney v. Union of India
(b) Ashok Kumar Thakur v. Union of India
(c) State of Madras v. Champakam Dorairajan
(d) T.M.A Pai Foundation v. State of Karnataka

उच्चतम न्यायालय ने निम्न किस वाद में अनुच्छेद 15 (5)को संवैधानिक घोषित किया था?
(a) इन्द्रा साहनी बनाम भारत संघ
(b) अशोक कुमार ठाकुर बनाम भारत संघ
(c) मद्रास राज्य बनाम चम्पाकम दोराईराजन
(d) टी०एम०ए० पई फाउन्डेशन बनाम कर्नाटक राज्य

71 – Who amongst the following has said that "Indian Constitution is a federation with strong centralizing tendency"?

(a) K.C.Wheare
(b) A.V.Dicey
(c) Sir Ivor Jennings
(d) None of the above

निम्नलिखित में से किसने कहा है कि "भारतीय संविधान एक सशक्त केन्द्रीयकृत प्रवृत्ति वाला परिसंघात्मक संविधान है"?
(a) के० सी० व्हेयर ने
(b) ए० वी० डायसी ने
(c) सर आइवर जैनिंग्स ने
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

72 – "Character as affecting damages" has been discussed in which one of the following sections?

(a) Section 55 of the Indian Evidence Act, 1872
(b) Section 56 of the Indian Evidence Act, 1872
(c) Section 57 of the Indian Evidence Act, 1872
(d) Section 58 of the Indian Evidence Act, 1872

"नुकसानी पर प्रभाव डालने वाला शील" की भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 की निम्न किस धारा में विवेचना की गई है?
(a) धारा 55 में
(b) धारा 56 में
(c) धारा 57 में
(d) धारा 58 में

73 – Which one of the following dates of enforcement of Indian Evidence Act, 1872 is correct?

(a) 15th March, 1872
(b) 1st Sepetember, 1872
(c) 1st July, 1872
(d) 1st February, 1872

निम्न में से भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के लागू होने की सही तारीख है
(a) 15 मार्च, 1872
(b) 1 सितम्बर, 1872
(c) 1 जुलाई, 1872
(d) 1 फरवरी, 1872

74 – Which one of the following sections of the Indian Evidence Act, 1872 has been inserted by the Dowry Prohibition (Amendment) Act, 1986?

(a) Section 111-A
(b) Section 113-A
(c) Section 113-B
(d) None of the above

भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की निम्न कौन सी धारा दहेज प्रतिषेध (संशोधन) अधिनियम, 1986 के द्वारा अन्तः स्थापित की गई है?
(a) धारा 111 (क)
(b) धारा 113 (क)
(c) धारा 113 (ख)
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

75 – The law of evidence under the Indian Evidence Act, 1872 is

(a) Substantive Law
(b) Procedural Law
(c) Substantive and Procedural Law
(d) None of the above

भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के अन्तर्गत साक्ष्य विधि है
(a) मौलिक विधि
(b) प्रक्रिया विधि
(c) मौलिक एवं प्रक्रिया विधि
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

76 – In which of the following section of the Indian Evidence Act, 1872 provision as to refresh memory has been given?

(a) Section 141
(b) Section 149
(c) Section 159
(d) Section 158

भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की निम्न किस धारा में स्मृति ताजा करने सम्बन्धी प्रावधान दिया गया है?
(a) धारा 141 में
(b) धारा 149 में
(c) धारा 159 में
(d) धारा 158 में

77 – A Party can ask Questions to his own witness under which section of the Indian Evidence Act, 1872?

(a) Section 156
(b) Section 154
(c) Section 158
(d) Section 160

भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 में किस धारा के अधीन एक पक्षकार अपने ही साक्षी से प्रश्न पूछ सकता है?
(a) धारा 156 में
(b) धारा 154 में
(c) धारा 158 में
(d) धारा 160 में

78 – How much salary of a person can be attached in execution of a decree for maintenance ?

(a) First one thousand rupees and 1/3 of the remainder
(b) First one thousand rupees and 2/3 of the remainder
(c) 2/3 of the salary
(d) 1/3 of the salary

भरण–पोषण की डिक्री के निष्पादन हेतु किसी व्यक्ति का वेतन निम्न किस सीमा तक कुर्क किया जा सकता है?

(a) प्रथम एक हजार रूपये और बचे हुए वेतन का 1/3
(b) प्रथम एक हजार रूपये और बचे हुए वेतन का 2/3
(c) वेतन का 2/3
(d) वेतन का 1/3

79 – Under Indian Evidence Act, 1872 power of Judge to put questions or order of production of document or thing has been provided under

(a) Section 163
(b) Section 165
(c) Section 161
(d) Section 166

भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के अधीन न्यायाधीश को प्रश्न पूछने एवं दस्तावेज या वस्तु न्यायालय में पेश करने की शक्ति को बताया गया है।

(a) धारा 163 में
(b) धारा 165 में
(c) धारा 161 में
(d) धारा 166 में

80 – During re-examination of witness under Indian Evidence Act, 1872

(a) A new matter can be raised as a matter of right generally
(b) No new matter can be raised
(c) A new matter can be raised only with the permission of the court
(d) None of the above

साक्षी की पुनः परीक्षा में भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के अधीन

(a) अधिकार के रूप में कोई नई बात उठायी जा सकती है।
(b) कोई नई बात नहीं उठायी जा सकती
(c) न्यायालय की अनुमति से नई बात उठायी जा सकती है।
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

81 – Which one of the following under Indian Evidence Act, 1872 is not a kind of estoppel?

(a) Estoppel by will
(b) Estoppel by deed
(c) Estoppel by conduct
(d) Estoppel by record

भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के अधीन विबन्ध की कौन किस्म सम्मिलित नहीं है?

(a) इच्छा द्वारा विबन्ध
(b) विलेख के द्वारा विबन्ध
(c) आचरण द्वारा विबन्ध
(d) अभिलेख द्वारा विबन्ध

82 – Section 112 of the Indian Evidence Act, 1872 provides for

(a) Presumption of life
(b) Presumption of marriage
(c) Presumption of death
(d) Presumption of legitimacy

भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की धारा 112 में प्रावधान है–
(a) जीवन की उपधारणा का
(b) विवाह की उपधारणा का
(c) मत्यु की उपधारणा का
(d) धर्मजत्व की उपधारणा का

83 – Where the local limits of jurisdiction of courts are uncertain, the place of institution of suit shall be decided

(a) Section 17 of Civil Procedure Code
(b) Section 20 of Civil Procedure Code
(c) Section 19 of Civil Procedure Code
(d) Section 18 of Civil Procedure Code

जहॉ न्यायालय की अधिकारिता की स्थानीय सीमाएँ अनिश्चित हैं, वहॉ वाद संस्थित करने का स्थान निर्धारित होगा सिविल प्रकिया संहिता की–
(a) धारा 17 के अनुसार
(b) धारा 20 के अनुसार
(c) धारा 19 के अनुसार
(d) धारा 18 के अनुसार

84 – Under Indian Evidence Act, 1872 relevant fact must be

(a) Legally relevant
(b) Logically relevant
(c) Legally or logically relevant
(d) None of the above

भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के अधीन सुसंगत तथ्य –
(a) विधिक रूप से सुसंगत होना चाहिए
(b) तार्किक रूप से सुसंगत होना चाहिए
(c) विधिक रूप से या तार्किक रूप से सुसंगत होना चाहिए।
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

85 – Court can direct the parties to opt for any one mode of alternative dispute resolution in Civil Procedure Code, 1908

(a) Under Order X, R. 1-A
(b) Under Order X, R.1-B
(c) Under Order X, R.1-C
(d) Under Order XI, R.1

सिविल प्रकिया संहिता, 1908 के अधीन न्यायालय पक्षकारों को वैकल्पिक विवाद समाधान के किसी तरीके के लिए विकल्प देने के लिए निर्देश दे सकता है।

(a) आदेश X,नियम 1–क के अन्तर्गत
(b) आदेश X,नियम 1–ख के अन्तर्गत
(c) आदेश X,नियम 1–ग के अन्तर्गत
(d) आदेश XI,नियम 1 के अन्तर्गत

86 – Every suit shall be instituted in the court of the lowest grade competent to try it. This provision relates to
(a) Territorial jurisdisction
(b) Pecuniary jurisdiction
(c) Both (a) and (b)
(d) Jurisdiction as to subject matter
हर वाद उस निम्नतम श्रेणी के न्यायालय में संस्थित किया जायेगा जो उसका विचारण करने में सक्षम है। यह प्रावधान सम्बन्ध रखता है–
(a) क्षेत्रीय अधिकारिता से
(b) धन–सम्बन्धी अधिकारिता से
(c) दोनों (a) और (b) से
(d) विषयवस्तु के सम्बन्ध में अधिकारिता

87 – Under which one of the following provisions of the Civil Procedure Code, 1908 consequence of disobedience or breach of injuction has been described?
(a) Order XXXII
(b) Order XXXIII
(c) Order XXXIX, Rule 2-A
(d) None of the above
सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के अन्तर्गत निम्न किस प्रावधान में व्यादेश की अवज्ञा या भाग के परिणाम का वर्णन किया गया है?
(a) आदेश XXXII
(b) आदेश XXXIII
(c) आदेश XXXIX, नियम 2 क
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

88 – Under which one of the following section Civil Procedure Code, 1908 "Legal Representative" has been explained ?
(a) Section 2(11)
(b) Section 2(13)
(c) Section 2(10)
(d) Section 2(12)
सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की निम्न धाराओं में से किसमें "विधिक प्रतिनिधि" को समझाया गया है?
(a) धारा 2(11)
(b) धारा 2(13)
(c) धारा 2(10)
(d) धारा 2(12)

89 – The courts of small causes under Section 3 of the Civil Procedure Code, 1908 is subordinate to which of the following ?
(a) High Court only
(b) District Court only
(c) Neither(a) or (b)
(d) Both (a) and (b)

सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की धारा 3 के अनुसार लघुवाद न्यायालय निम्न में किसके अधीन है?
(a) केवल उच्च न्यायालय के
(b) केवल जिला न्यायालय के
(c) न तो (a) और न (b) के
(d) (a) तथा (b) दोनों के

90 – Section 10 of the Civil Procedure Code, 1908 does not apply when the previous suit is pending

(a) In the same court
(b) In a foreign Court
(c) In the court outside India established or carried on
(d) In any other court in india

सिविलप्रक्रिया संहिता, 1908 की धारा 10 उस हालत में लागू नहीं होती है जबकि पूर्व वाद–
(a) उसी न्यायालय में लम्बित हो।
(b) किसी विदेशी न्यायालय में लम्बित हो।
(c) भारत की सीमाओं से बाहर और परे ऐसे न्यायालय में लम्बित हो जो केन्द्रीय सरकार द्वारा स्थापित किया गया है या चालू रखा गया है।
(d) भारत में किसी भी अन्य न्यायालय में।

91 – Which one of the following is essential for a valid contract under the Indian Contract Act, 1872?

(a) Meeting of minds of the parties
(b) Meeting of the parties for searching legality of rights
(c) Meeting of parties to discuss consideration
(d) Meeting of parties to discuss proposal and acceptance

भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 के अधीन निम्न में से कौन वैध संविदा के लिए आवश्यक है?
(a) पक्षकारों के मस्तिष्कों का मिलन।
(b) पक्षकारों के अधिकारों की वैधता की जॉच करने के लिए मिलन।
(c) पक्षकारों का प्रतिफल की विवेचना हेतु मिलन।
(d) पक्षकारों का प्रस्ताव और स्वीकृति को समझने के लिए मिलन।

92 – Under Indian Contract Act, 1872, A promises B to drop a prosecution which he has instituted against B for robbery, and B promises to restore the value of the things taken. The agreement is

(a) Valid
(b) Invalid
(c) Void
(d) Voidable

भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 के अधीन क, ख को वचन देता है कि वह उस अभियोजन को जो उसके विरूद्ध 'क' ने लूट का न्यायालय में लगाया है, रोक देगा और 'ख' ली गई चीजों का मूल्य लौटा देने का वचन देता है। यह करार–

(a) वैध है।
(b) अवैध है।
(c) शून्य है।
(d) शून्यकरणीय है।

93 – Which one of the following cases belongs to the principle of "*paridelicto*" ?

(a) Barrett v. Irvine
(b) Banwari Lal v. Sukhdarshan Dayal
(c) Onkarmal v. Banwari Lal
(d) State of Madras v. Gannon Dunkerley

निम्नलिखित वादों में से कौन–सा वाद समदोष (पैरी डेलिक्टो) सिद्धान्त से सम्बन्धित है?
(a) बैरेट बनाम इरविन
(b) बनवारी लाल बनाम सुखदर्शन दयाल
(c) ओंकारमल बनाम बनवारी लाल
(d) मद्रास राज्य बनाम गैनन डंकरले एण्ड के0

94 – On which one of the following grounds under Civil procedure code, 1908 a warrant of arrest against a "judgment debtor" may be cancelled by the court ?

(a) Serious illness
(b) Appearance in marriage of his son
(c) To cast vote in general elections
(d) None of the above

सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के अन्तर्गत निम्न किस आधार पर निर्णात ऋणी के विरूद्ध गिरफतारी का वारण्ट न्यायालय द्वारा रद्द किया जा सकता है?
(a) गम्भीर बीमारी पर
(b) पुत्र विवाह में उपस्थिति के कारण
(c) आम चुनाव में मतदान के कारण
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

95 – An Arbitral Award made under Part-I of the Arbitration and Conciliation Act, 1996 Shall be considered as a

(a) Domestic Award
(b) Foreign Award
(c) General Award
(d) International Award

मध्यस्थता एवं समझौता अधिनियम 1996 के भाग–1के तहत दिया गया पुरस्कार .........के रूप में माना जायेगा।
(a) घरेलू पुरस्कार
(b) विदेशी पुरस्कार
(c) सामान्य पुरस्कार
(d) अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार

96 – Which one is the primary function of the Law of Tort?

(a) Compensating the claimant
(b) The spreading of losses throughout the society
(c) The punishment to a wrongdoer
(d) The clarification of the Human Rights of parties

अपकृत्य विधि का प्राथमिक कार्य क्या है?
(a) दावेदार को मुआवजा देना
(b) पूरे समाज में नुकसान का प्रसार
(c) गलत काम करने वाले को सजा
(d) पार्टियों के मानवाधिकार का स्पष्टीकरण

97 – Time limitation for filing suit for compensation for false imprisonment is -

(a) one year
(b) two year
(c) three year
(d) four year

झूठे कारावास के मुआवजे के लिये मुकदमा दायर करने की समय परिसीमा ......है।

(a) 01 वर्ष
(b) 02 वर्ष
(c) 03 वर्ष
(d)04 वर्ष

98 – Which section of Payment of Wages Act covers deduction for damages or loss?

(a) Section 10
(b) Section 9
(c) Section 12
(d) Section 7

मजदूरी भुगतान अधिनियम की कौन सी धारा क्षति या हानि की कटौती से सम्बन्धित है?
(a) धारा–10
(b) धारा–09
(c) धारा–12
(d)धारा–07

99 – The injuries borad is

(a) A body that advises the court
(b) A type of court that calls witnesses
(c) A fault compensation body
(d) A body that assesses personal injury claims

क्षति बोर्ड .............है
(a) एक निकाय जो अदालत को सलाह देता है
(b) एक प्रकार की अदालत जो गवाहों को बुलाती है
(c) गलती हेतु मुआवजा निकाय
(d)एक निकाय जो व्यक्तिगत चोटों के दावों का आंकलन करती है।

100 – Diviation of route in carrying the goods by the railways due to necessity will

(a) Lead of breach of contract
(b) Not lead to breach to contract
(c) Lead to charge of excess fare
(d) None of the above

आवश्यकता के कारण रेलवे द्वारा माल ले जाने वाले मार्ग के विचलन से
(a) संविदा का उल्लंधन होगा
(b) संविदा का उल्लंधन नही होगा
(c) अतिरिक्त किराये का प्रभार होगा
(d)उपरोक्त में से कोई नहीं

101 – प्रथम राजभाषा आयोग का गठन किस वर्ष हुआ

(a) 05 मई, 1954

(b) 07 जून, 1955

(c) 30 अप्रैल, 1956

(d)08 अगस्त, 1957

102 – संसदीय राजभाषा समिति की कितनी उप समितियां हैं।

(a) 01 उप समिति

(b) 02 उप समिति

(c) 03 उप समिति

(d)04 उप समिति

103 – राजभाषा नियम 1976 में प्रथम संशोधन किस वर्ष किया गया।

(a) 1987

(b) 1988

(c) 1989

(d)1990

104 – रेल कर्मचारियों की साहित्यिक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिये काव्य संग्रह के लिये कौन सी योजना चलाई जा रही है

(a) मैथिलीशरण गुप्त पुरस्कार योजना

(b) महादेवी वर्मा पुरस्कार योजना

(c) रामधारी सिंह दिनकर पुरस्कार योजना

(d)हरिवंश राय बच्चन पुरस्कार योजना

105 – केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के लिये भाषा प्रशिक्षण हेतु कितने पाठयक्रम निर्धारित है

(a) दो

(b) तीन

(c) चार

(d)पांच

106 – हिन्दी पत्रों के उत्तर अनिवार्य रूप से हिन्दी में देने के लिये राजभाषा नियम, 1976 के किस उप–नियम में निर्देश दिये गये हैं

(a) नियम 5 में

(b) नियम 6 में

(c) नियम 7 में

(d) नियम 8 में

107 – राजभाषा का वार्षिक कार्यक्रम किस मंत्रालय द्वारा जारी किया जाता है

(a) रेल मंत्रालय

(b) वित्त मंत्रालय

(c) गृह मंत्रालय

(d)रक्षा मंत्रालय

108 – मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष कौन होते हैं

(a) अपर मंडल रेल प्रबन्धक

(b) मंडल रेल प्रबन्धक

(c) राजभाषा अधिकारी

(d) वरिष्ठ मंडल इंजीनियर

109 – भारतीय रेल पर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक कब–कब होती है

(a) माह में एक बार

(b) दो माह में एक बार

(c) तीन माह में एक बार

(d) छः माह में एक बार

110 – नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक कब–कब होती है

(a) माह में एक बार

(b) दो माह में एक बार

(c) तीन माह में एक बार

(d) छः माह में एक बार

------------------